**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक:12.10.2024** **समय 07:10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रदेश में शस्त्र-पूजन के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा दशहरा पर्व, असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के तौर पर दशानन का दहन।**
- **मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का महेश्वर में ऐलान- बुनकरों के लिए बनाया जाएगा टूरिज्म विलेज।**
- **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीयन आज से शुरू।**
- **उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा- नशे के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर हो कार्रवाई।**

**विजयदशमी-शस्त्र पूजा**

देशभर में दशहरे के मौके पर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। इस मौके पर दिल्ली के लाल किले से सटे माधव दास पार्क में भी रावण दहन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहे। हर बार की तरह इस बार भी यहां इको फ्रेंडली सामग्री से रावण, मेघनाद और कुम्भकरण का पुतला बनाया गया है। प्रदेश में दशहरे पर आज मंत्रियों ने शस्त्र पूजन किया। ऐसा पहली बार है जब इसके लिए सरकारी आदेश जारी किया गया। मंत्रियों को अलग-अलग जिलों में शस्त्र पूजन की जिम्मेदारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन में पूजन किया। भोपाल में नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने शस्त्र पूजन किया। ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पारंपरिक पूजा में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को दशहरे की बधाई देते हुए कहा कि यह न्याय की जीत का दिवस है, उन्होंने लोगों से देश के लिए विकास और प्रगति में योगदान की अपील की

कटनी में सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा शस्त्र पूजन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शस्त्र पूजन परंपरा को संस्कृति का हिस्सा बताया। रायसेन से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डा प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक

सुरेन्द्र पटवा, कलेक्टर अरविंद दुबे एसपी पंकज पांडेय शस्त्र पूजा में शामिल हुए। शिवपुरी में आज विजयदशमी के मौके पर पुलिस लाइन पहुंचकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने यहां पर शस्त्र पूजा की। विधि विधान से शस्त्र पूजा के दौरान कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ मौजूद रहे। धार में नगरीय विकास मंत्री जिले के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने डीआरपी लाइन में पुलिस द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री महिला बाल विकास सावित्री ठाकुर, विधायक नीना वर्मा उपस्थित रहीं। झाबुआ में शस्त्र पूजन में महिला और बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया शामिल हुई। गुना में पुलिस लाईन में शस्त्र एवं वाहन पूजा की गई। विजयीदशमी पर नर्मदापुरम में दुर्गा प्रतिमाओं और झांकियों के साथ चल समारोह देर शाम निकलेगा।

**मुख्यमंत्री खरगोन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर महेश्वर के ऐतिहासिक क़िले में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विजयादशमी के पर्व अवसर पर महेश्वर के शस्त्रागार में शस्त्र-पूजन किया। डॉ. यादव ने शस्त्रागार में विशेष तौर पर उस तलवार का पूजन किया जो उनके शौर्य का प्रतीक है। यह तलवार लोकमाता देवी अहिल्या बाई स्वयं धारण करती थीं। मुख्यमंत्री ने महेश्वर में 83 करोड़ 29 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल मकर संक्रांति के आसपास मंत्रि परिषद की बैठक महेश्वर में की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाकाल लोक की तर्ज पर यहां अहिल्या माता लोक भी बनाया जाएगा। साथ ही, यहां टेक्सटाइल, बुनकरों के लिए टूरिज्म विलेज बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई को याद करते हुए कहा कि उस दौर में उन्होंने महेश्वरी साड़ी के उपक्रम की शुरुआत की थी।

**विजयदशमी -आरएसएस**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर दुख: व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में शर्मनाक और अपमानजनक घटना अपराध और राजनीति के बीच सांठगांठ का परिणाम है। डॉक्टर भागवत ने आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 99वें स्थापना दिवस पर नागपुर में विजयादशमी के मुख्य समारोह को संबोधित किया। उन्होंने शैक्षिक संस्थानों में सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों की कमी के लिए कुछ ओटीटी प्लेटफॉर्म जिम्मेदार हैं और इसे कानून द्वारा नियंत्रित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख ने विजयदशमी पर शस्त्रपूजन भी किया। भारतीय अंतरिक्ष

अनुसंधान संगठन प्रमुख डॉ. के. राधाकृष्णन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने उच्च शिक्षा में बदलाव लाया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत को एक जीवंत ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदल देगी। इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस भी उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज शाम 5 बजे से शुरू हो गई है। इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में घोषित की गई यह पहल युवाओं को कारोबारी माहौल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता के लिए 12 महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है।

**नशे के खिलाफ कार्रवाई**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा है कि नशे के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस को अभियान चलाकर कार्रवाई करनी चाहिए। श्री शुक्ल शहडोल के मऊ में कल आयोजित संकल्प साधना शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे की लत ने बहुत से युवाओं का जीवन खराब किया है। नशा मुक्ति के लिए सामाजिक संगठन, सरकार, प्रशासन के साथ मिलकर सभी को काम करना होगा। श्री शुक्ल ने कहा कि हमें ऐसा विकास नहीं चाहिए जहां बच्चे संस्कार हीन हो जाए। उपमुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वृक्षारोपण, नशा मुक्ति, खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया।

**संपदा-2.0**

संपत्ति संबंधी गड़बड़ियों की रोकथाम व पारदर्शिता के लिए संपदा 2.0 का शुभारंभ किया गया है। इससे आनलाईन पंजीयन में सुविधा होगी और लोगों को छोटे–छोट कार्य के लिए पंजीयन विभाग के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसे लेकर शहडोल में 50 से अधिक सर्विस प्रोवाइडर व पंजीयन विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिन्हें स्लॉट बुकिंग से लेकर दस्तावेजों की जांच, आधार केवाईसी व संपदा की नई व्यवस्था के बारे में बताया गया है। संपदा 2.0 के तहत प्रत्येक संपत्ति की जीआईएस मैपिंग कराई गई है। आधार नंबर दर्ज करते ही पता चल जाएगा कि संपत्ति का असली मालिक कौन है। पंजीयन के लिए क्रेता, विक्रेता का आधार केवाईसी व पेन नंबर होना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही भूमि संबंधी सही लोकेशन दर्ज करना होगा। इससे पंजीयन की प्रक्रिया आसान होगी और काम में तेजी आएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

- विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आज आगरमालवा जिला मुख्यालय पर पथ संचलन निकाला।
- अशोकनगर जिले की पिपरई में आज दशहरा के अवसर पर माता बिजासन का डोला निकाला गया। हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक यह डोला विगत 75 वर्षों से निकाला जा रहा है। इस डोला विसर्जन में सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं।
- छिंदवाड़ा के एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में कल एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज स्टूडेंट्स को तनाव मुक्त रहने के बारे में जानकारी दी गई।
- पन्ना टाइगर रिजर्व मे नेचर कैंप का आयोजन 3 नवम्बर से 23 फ़रवरी तक किया जायेगा।
- कटनी में कैंसर मरीजों का निःशुल्क जाँच एव उपचार शिविर आज आयोजित किया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर :-**

- **प्रदेश में शस्त्र-पूजन के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा दशहरा पर्व, असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के तौर पर दशानन का दहन।**
- **मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का महेश्वर में ऐलान- बुनकरों के लिए बनाया जाएगा टूरिज्म विलेज।**
- **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीयन आज से शुरू।**
- **उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा- नशे के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर हो कार्रवाई।**

------------------------